# प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज

7वां, 8वां तल, इन्दिरा भवन, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उ0प्र0

ई–मेल आई0डी0:aldda@rediffmail.com


पत्र सं0 :      /प्र0अ0सम्पत्ति /वि0प्रा0/2025                                        दिनांक :      सितम्बर, 2025

## ई–निविदा–सह–नीलामी सूचना

प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न तालिका में अंकित सामुदायिक केन्द्रों (बारात घर) के संचालन एवं रख–रखाव कार्य के लिए लीज पर ई–निविदा–सह–नीलामी पद्धति के आधार पर आवंटन हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों/संस्थाओं से ई–निविदा (टू–बिड पद्धति पर) आमंत्रित की जाती है:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | न्यूनतम आरक्षित मूल्य (रू0 लाख में) | धरोहर राशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य GST सहित (रू0 में) | संचालन अवधि | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित कालिन्दीपुरम आवास योजना स्थित **"यमुनोत्री सामुदायिक केन्द्र (बारात घर)"** के संचालन एवं रख–रखाव का कार्य। | 20.60 (एक वर्ष) | 1.00 | 1180/– | 05 वर्ष | 24–09–2025 02:00 PM |
| 2 | प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित त्रिवेणीपुरम आवास योजना स्थित **"गंगोत्री सामुदायिक केन्द्र (बारात घर)"** के संचालन एवं रख–रखाव का कार्य। | 20.05 (एक वर्ष) | 1.00 | 1180/– | 05 वर्ष | 24–09–2025 02:00 PM |

नियम व शर्तें:–

1. निविदा शुल्क (नॉन रिफण्डेबल) या धरोहर धनराशि निर्धारित समय तक प्राप्त न होने की स्थिति में निविदा मान्य नहीं होगी।
2. विस्तृत विवरण नियम व शर्तों सहित निविदा प्रपत्र/आवेदन पुस्तिका **दिनांक 10–09–2025 को अपराह्न 02:00 बजे** से उत्तर प्रदेश शासन की ई–प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं प्रयागराज विकास प्राधिकरण की वेबसाइट www.pdaprayagraj.org से प्राप्त एवं देखे जा सकते हैं।
3. निविदायें निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि वाले दिवस पर अपराह्न 3:00 बजे प्राधिकरण सभागार में खोली जायेंगी।
4. तकनीकी बिड में अर्ह निविदादाताओं को नीलामी/खुली बोली हेतु आमन्त्रित किया जायेगा। नीलामी के सम्बन्ध में तिथि/समय/स्थल की सूचना बाद में उक्त वेबसाइट पर ही अपलोड की जायेगी। नीलामी प्रकिया पूर्ण होने के पश्चात् तकनीकी बिड में अर्ह निविदादाता की वित्तीय बिड खोली जायेगी।
5. कालम–3 में इंगित न्यूनतम् आरक्षित मूल्य संचालन अवधि के प्रथम वर्ष हेतु है।
6. निविदा आमंत्रण सूचना से सम्बन्धित संशोधन/परिमार्जन समाचार पत्र में प्रकाशित न कर उक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किये जायेंगे।
7. निविदा मूल्य व जमानत (धरोहर) धनराशि यूको बैंक, मुख्य शाखा, सरदार पटेल मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज में प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज के खाता संख्या–00320204000449 IFSC : UCBA0000032 में NEFT/RTGS के माध्यम से जमा करते हुए प्राप्त यू0टी0आर0 स्लिप (पृथक–पृथक) की स्कैन कापी ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। निर्धारित निविदा शुल्क या धरोहर धनराशि प्राधिकरण खाते में निर्धारित समय तक प्राप्त न होने की स्थिति में निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा मूल्य की जमा धनराशि किसी भी दशा में वापस नहीं की जायेगी।
8. निविदा खोले जाने की तिथि को अवकाश होने पर उसके ठीक अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी।
9. निविदा प्रपत्र एवं इसके साथ संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्रों को निविदादाता द्वारा स्वहस्ताक्षरित किया जाना चाहिए।
10. सशर्त एवं अपूर्ण निविदा मान्य नहीं होगी।
11. निविदादाता स्वयं स्थल देख लें और सही स्थिति से संतुष्ट होने के बाद ही निविदा में दरें अंकित करें। निविदा में दी गई दरें 03 माह तक मान्य होगी।
12. निविदा सूचना प्राधिकरण की वेबसाइट pdaprayagraj.org पर एवं निविदा प्रपत्र ई–पोर्टल वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं। इच्छुक निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से उक्त वेबसाइट को समय–समय पर देखते रहें। निविदाओं के सम्बन्ध में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन व अतिरिक्त सूचनाएं उक्त वेबसाइट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।
13. किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण में निहित है, जिसके विरुद्ध निविदादाता का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

Scanned with CamScanner

14. निविदादाता द्वारा दिये गये दस्तावेजों/प्रमाण–पत्रों के गलत पाये जाने पर कार्य/अनुबन्ध की स्वीकृति को तत्काल निरस्त करते हुए निविदादाता द्वारा जमा धरोहर/जमानत धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा तथा निविदादाता को काली–सूची डाल दिया जायेगा। कार्य सम्पादन में विलम्ब किये जाने पर निविदा में प्रतिभाग करने से डिबार कर दिया जायेगा।

15. स्टेट बार काउसिंल में पंजीकृत व्यक्ति एवं आपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है। साथ ही यदि निविदादाता का सगा सम्बन्धी (First Blood Relation & their dependent) प्रयागराज विकास प्राधिकरण में कार्यरत है तो उसे भी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं है।

16. निविदादाता को इस आशय का शपथ–पत्र देना होगा कि उसका अथवा उसके पति/पत्नी का अथवा उसके किसी भी पार्टनर अथवा पार्टनर के पति/पत्नी का निकट का रिश्तेदार (पिता, पुत्र, पुत्री, पति, पत्नी, भाई, बहन) प्रयागराज विकास प्राधिकरण में कार्यरत नहीं हैं। यदि किसी भी समय इसके विपरीत तथ्य पाया गया तो निविदादाता का पंजीकरण निरस्त करते हुए फर्म को काली सूची में डाल दिया जायेगा।

17. निविदादाता को प्रस्तर–16 में उल्लेखित शर्तों के अतिरिक्त एक घोषणा पत्र इस आशय का देना आवश्यक होगा कि प्राधिकरण द्वारा जारी निविदा में जिसमें वह भाग ले रहा है उसमें उसके रिश्तेदार, सम्बन्धी या सम्बन्धी की फर्म या कम्पनी भाग नहीं लेगी। इसके विपरीत यदि यह पाया जाता है कि आवेदक द्वारा प्राधिकरण में इन तथ्यों को छिपाया गया है अथवा किसी समय इनकी अवहेलना की गई है तो प्राधिकरण को अधिकार होगा कि वह उसकी जमा धनराशि को प्राधिकरण अविलम्ब जब्त कर लेगा तथा निविदादाता को ब्लैक लिस्ट कर दिया जायेगा।

18. आवेदक या पंजीकृत किये जाने वाले ठेकेदार पर कम्प्टीशन एक्ट, 2002 के समस्त प्राविधान लागू होंगे और उनकी अवहेलना करने पर प्राधिकरण को सम्बन्धित ठेकेदार के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करने का सम्पूर्ण अधिकार होगा।

19. यदि कोई निविदादाता बिड रिगिंग/Bid Collusion में सम्मिलित पाया जाता है अथवा निविदा की स्वस्थ प्रतियोगिता की प्रक्रिया को किसी भी प्रकार से दूषित करता है तो उसे भविष्य में होने वाली निविदा में प्रतिभाग करने हेतु प्रतिबन्धित कर दिया जायेगा।

20. निविदादाताओं द्वारा निविदा शर्तों के अनुरूप ही वांछित प्रपत्रों को टेक्निकल बिड में अपलोड किया जाये एवं उस पर पेज नम्बर डाला जाये तथा कोई अनावश्यक प्रपत्र न लगाया जाय।

**प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति**

Scanned with CamScanner